महाबली हनुमान जी

संकट मोचन नाम तुम्हारा,
राम राम जय राम राम,
दुखियो का तुम हो सहारा,
राम राम जय राम राम,
संकट मोचन नाम तुम्हारा,
दुखियो का तुम हो सहारा,
चारो और गूंज रहा है,
नाम तेरा महान,
महाबली हनुमान जी, महाबली हनुमान जी,
राम राम जय राम राम......

अंजनी माँ के हो तुम लाला,
केसरी सूत हनुमत बाला,
चारो वेदों के है तुम गयाता,
बलबुद्धि के तुम हो दाता,
जो भी पूजे तुझको हनुमत,
उसका हो कल्याण,
महाबली हनुमान जी, महाबली हनुमान जी,
राम राम जय राम राम......

राम जी के काज सवारे,
तुम कहलाये भगत प्यारे,
लक्ष्मण के तुम प्राण बचाये,
पर्वत सारा उठा ले आये,
संजीवन बूटी समझ ना आई,
उठा ली सारी चटान,
महाबली हनुमान जी, महाबली हनुमान जी,
राम राम जय राम राम......

महावीर मारुती बलशाली,
भक्तो की करते रखवाली,
महादेव के हों अवतारी,
'रोहन' आया शरण तिहारी,
समर्थ लिखता महिमा तिहारी,
महाबली हनुमान जी, महाबली हनुमान जी,
राम राम जय राम राम......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30135/title/mahabali-hanuman-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |